विचारार्थ विषय

परामर्शदाता -राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णत: संविदा के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:

- राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के संबंध में अपनी इनपुट/टिप्पणी का मिलान करने हेतु मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय स्थापित करना ताकि उन्हें उन राज्यों के परामर्शदाता समन्वय समिति के समक्ष रखा जा सके जिन राज्यों को परामर्शदाताओं आवंटित किया गया है।
- स्वास्थ्य के क्षेत्र में मानव संसाधन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सूचना प्रणाली, निगरानी एवं मूल्यांकन, सार्वजनिक निजी भागीदारी, प्रशासन आदि को सुदृढ़ करते हुए स्वास्थ्य प्रणाली से संबंधित क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- वार्षिक पीआईपी का मूल्यांकन और विश्लेषण तथा एनयूएचएम कार्यक्रम घटकों के अनुमोदन के लिए फीडबैक देना।
- शहरी स्वास्थ्य प्रणाली, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के संबंध में सूचना को व्यवस्थित रूप से संग्रह, प्रलेखबद्ध और प्रस्तुत करना तथा निर्णय लेने वालों को फीडबैक देना।
- एनयूएचएम कार्यक्रम और व्यय घटक की समीक्षा, निगरानी और विश्लेषण में शहरी स्वास्थ्य प्रभाग को सहयोग प्रदान करना।
- एचएमआईएस से प्राप्त डाटा का विश्लेषण और उसे नीति निर्णायकों को प्रस्तुत करना।
- नियमित आधार पर कम निष्पादन वाले राज्यों/जिलों/शहरों की क्षेत्र निगरानी सहित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण और समवर्ती निगरानी संबंधी पहलें शुरू करना।
- तकनीकी संक्षिप्त सामग्री, रिपोर्टों, मामला अध्ययनों आदि सहित प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री लिखने में योदान करना।
- भारत के कम निष्पादन वाले जिलों में विकेंद्रित योजना और स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी सहयोग।
- जानपदिक रोग संबंधी और एचएमआईएस दोनों इनपुट का उपयोग करते हुए राज्य, जिला और शहर के स्तर पर शहरी स्वास्थ्य योजनाएं तैयार करने तथा योजनाओं की समीक्षा और उनमें संशोधन करने हेतु क्षमता निर्माण करना। कम निष्पादन वाले राज्यों के लिए यथापेक्षित बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।
- अध्ययन/मूल्यांकन नवाचार तैयार करना और मार्गदर्शन अध्ययन करना।

- समय-समय पर जैसी सहमति हो, केंद्र में एनयूएचएम के कार्यान्वयन और उसके लक्ष्यों के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों और जिला प्रशासन के लिए विचारार्थ विषय तैयार करने, प्रस्ताव आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित तकनीकी सहयोग की जानकारी का संग्रह करना।
- रिपोर्टिंग प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य को पूरा करना।

पात्रता:

- सार्वजनिक स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर अथवा उच्चतर अर्हता। एमबीबीएस डिग्री वांछनीय है।
- स्वास्थ्य प्रणालियों अथवा जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्य का प्रकाशन।
- अर्हक शिक्षा के बाद स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान में अथवा आयोजना में अथवा जन स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कम से कम 2-3 वर्ष कार्य का अनुभव।
- संगत आंकड़े तथा दस्तावेज़ ढूंढ़ने के लिए एमएस वर्ड, एक्सल, पॉवर पॉइंट तथा वैब सर्फिंग जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों सहित उच्च स्तर की जानकारी के साथ कम्प्यूटर में प्रवीणता।
- उत्तम संवाद एवं प्रस्तुतीकरण कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में उत्तम मौखिक एवं लेखन संवाद कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु-आयामी टीम वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- क्षेत्तीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का परिचालन करने में प्रदर्शित अनुभव/जिला स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में कार्य करना।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु राज्यों एवं जिलों का दौरान करने की इच्छा रखना तथा कार्य को नियत समय-सीमा के भीतर निष्पादित करने हेतु सौंपे गए विभिन्न कार्यों को साथ-साथ निष्पादित करने की योग्यता।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरियता दी जाएगी।
- गुणवत्तापूर्ण कार्य के प्रकाशन अथवा विशिष्ट क्षेत्र में कार्य के अनुभव का साक्ष्य होने की स्थिति में औपचारिक शैक्षणिक अर्हता तथा अनुभव में छूट दी जा सकती है।

आयु सीमा: 45 वर्ष तक की आयु (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)

स्थान: नई दिल्ली। अभ्यर्थी को राज्यों तथा जिलों का दौरा करने का इच्छुक होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमा: प्रतिमाह रु. 60,000/- से रु. 1,20,000/- के बीच

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **29-Dec-2018** तक nuhm.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।